# सुप्रभात

## निफ्टी को चढ़ाने-गिराने वाले (शीर्ष 3)




## सेंसेक्स की चाल (पिछले 5 दिनों में)




| संस्थागत गतिविधियाँ एफआईआई डीआईआई (नकद) | | |
|---|---|---|
| शुद्ध निवेश (करोड़ रु.) | 304.9 | -202.7 |

| एडीआर (डॉलर) | मूल्य | बदलाव | % बदलाव |
|---|---|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 132.6 | -0.2 | -0.2 |
| एमटीएनएल | 3.2 | -0.1 | -2.7 |
| आईसीआईसीआई बैंक | 41.4 | 0.5 | 1.2 |
| टाटा मोटर्स | 18.2 | -0.4 | -1.9 |
| डॉ. रेड्डीज लैब | 26.0 | -0.1 | -0.2 |
| इन्फोसिस | 60.0 | 0.2 | 0.3 |
| विप्रो | 22.9 | 0.0 | 0.0 |
| सत्यम कंप्यूटर | 5.4 | 0.0 | -0.6 |

### रुपया बनाम डॉलर




स्रोत: रॉयटर्स

## बाजार की दिशा

- **दिशा – सपाट शुरुआत की संभावना**
- अमेरिकी और एशियाई बाजारों से ठंडे संकेतों के बीच आज सुबह भारतीय शेयर बाजार में भी सपाट शुरुआत हो सकती है। कल दोपहर बाद कुछ खरीदारी उभरने से भारतीय बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी इंडेक्स फ्यूचर में बढ़त से भारतीय बाजार को कुछ सहारा मिला। साथ ही सुधरते कारोबारी माहौल के चलते आईटी शेयरों में मजबूती रही। कल अमेरिकी बाजार में एसएंडपी 500 17 महीनों के सबसे ऊंचे बंद स्तर पर आ गया। बैंक शेयरों में मजबूती ने चीन की अर्थव्यवस्था पर बन रही चिंता के असर को काटा। डॉव जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 45 अंक यानी 0.42% की बढ़त के साथ 10612 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 भी 5 अंक या 0.40% की बढ़त रही और यह 1150 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट 10 अंक यानी 0.40% की मजबूती के साथ 2368 पर पहुँचा।

## वायदा बाजार

- कल सपाट शुरुआत के बाद निफ्टी को 5100 के स्तर पर सहारा मिला। दिन भर चले उतार-चढ़ाव के बाद अंत में यह 0.34% मजबूती के साथ बंद हुआ। निफ्टी मार्च फ्यूचर में 18,131 लॉट सौदे निपटाये गये। यह 2 अंक के प्रीमियम से 12 अंकों के प्रीमियम पर आ गया। कारोबार की मात्रा 4.57% बढ़ कर 388421 लॉट हो गयी।
- 5000 पुट में 38165 लॉट की अच्छी बढ़ोतरी हुई। साथ ही 5100 पुट में 26242 लॉट और 5200 पुट में 11812 लॉट जुड़े हैं। दूसरी ओर 5100 कॉल में 18667 लॉट और 5200 कॉल में 10352 लॉट सौदे निपटाये गये हैं। 5100 पुट के खुले सौदों की संख्या 5100 कॉल के खुले सौदों से बढ़ गयी है। 5200 पुट के भी खुले सौदों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में हमारा मानना है कि निफ्टी को 5120 के स्तर पर सहारा मिल सकता है। आज निफ्टी 5110-5190 के दायरे में रहने की संभावना है।

## तकनीकी राय

- कल बाजार एक दायरे में बँधा रहा, हालाँकि आखिरी घंटे में तेजड़िये निफ्टी को 5150 के स्तर तक ले जाने में सफल रहे। इस तरह निफ्टी हमारे लक्ष्य 5180-5200 के नजदीक जा रहा है। छोटी अवधि में बाजार का रुख सकारात्मक है, लेकिन 5180-5200 के पास पहुँचने पर सावधानी बरतने की जरूरत है। क्योंकि चैनल ट्रेंड लाइनों और जनवरी की गिरावट से 80% वापसी (रिट्रेसमेंट) के स्तरों की वजह से इन्हीं स्तरों पर बाधा दिख रही है। आज निफ्टी 5100-5180 के दायरे में रह सकता है।
- निफ्टी स्पॉट के समर्थन (सपोर्ट) स्तर 5090, 5050 और बाधा (रेजिस्टेंस) स्तर 5150, 5180 पर हैं।

## सुर्खियों में

⇧ **फोर्टिस हेल्थकेयर:** कंपनी ने सिंगापुर की हेल्थकेयर कंपनी पार्कवे में 23.9% हिस्सा खरीदने का फैसला किया है। इसने प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी कैपिटल से पार्कवे को खरीदने के लिए 68.53 करोड़ डॉलर यानी करीब 3080 करोड़ रुपये का सौदा किया है।

## निफ्टी पर नजर

| | निफ्टी (स्पॉट) | निफ्टी फ्यूचर (फरवरी) | कॉस्ट ऑफ कैरी (फरवरी) | निफ्टी वायदा खुले सौदे (ओआई) | पुट कॉल रेश्यो ओ.आई. | पुट कॉल रेश्यो मात्रा | निफ्टी एटीएम आई.वी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान | 5133 | 5147 | 6.8 | 28260550 | 1.50 | 0.99 | 18.6 |
| पिछला | 5116 | 5118 | 2.9 | 29056350 | 1.39 | 1.39 | 18.8 |
| % बदलाव | 0.3 | 0.6 | - | (2.7) | - | - | - |

## एक-दिनी (इंट्रा-डे) रणनीति

| | सलाह | रुझान | रणनीति | लक्ष्य 1 | लक्ष्य 2 | घाटा काटें | लॉट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | मार्च फ्यूचर खरीदें 1022 के ऊपर | तेजी | वायदा खरीदारी | 1042 | -- | 1012 | 300 |
| सेसा गोवा | मार्च फ्यूचर बेचें 424.20 के नीचे | मंदी | वायदा बिकवाली | 420.20 | -- | 426.20 | 1500 |

## निफ्टी मिश्रित (हाइब्रिड) रणनीति

- निफ्टी मार्च 5100 कॉल ऑप्शन का 1 लॉट 104 रुपये पर बेचें। इसके साथ ही निफ्टी मार्च 5100 पुट ऑप्शन का 1 लॉट 47 रुपये पर बेचें।
- इस रणनीति के फायदे –
  - यह रणनीति मार्च निफ्टी का निपटान (एक्सपायरी) 4949-5251 के दायरे के बाहर होने पर फायदेमंद रहेगी। इसमें सबसे ज्यादा फायदा 5100 के स्तर पर होगा।
  - एक्सपायरी का समय नजदीक आने के साथ-साथ इस रणनीति का फायदा बढ़ता जायेगा, क्योंकि इसमें 2 लॉट ऑप्शन बेचे जा रहे हैं।

## निफ्टी मिश्रित (हाइब्रिड) रणनीति: एक्सपायरी के विभिन्न स्तरों पर संभावित फायदे-नुकसान का विश्लेषण

| | | | | | एक्सपायरी पर निफ्टी स्पॉट का बंद स्तर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सौदा | कार्य | स्तर | मूल्य | लॉट | 4900 | 4949 | 5000 | 5100 | 5251 | 5300 |
| पुट | बिक्री | 5100 | 47 | 1 | -153 | -104 | -53 | 47 | 47 | 47 |
| कॉल | बिक्री | 5100 | 104 | 1 | 104 | 104 | 104 | 104 | -47 | -96 |
| फायदा / नुकसान प्रति शेयर | | | | | -49 | 0 | 51 | 151 | 0 | -49 |
| कुल फायदा / नुकसान | | | | | -2450 | 0 | 2550 | 7550 | 0 | -2450 |

**संपर्क:** research@icicidirect.com

**स्पष्टीकरण:**

यह रिपोर्ट और इसमें दी गयी सूचनाएँ पूरी तरह गोपनीय हैं और केवल चुने हुए प्राप्तकर्ताओं के लिए हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड (आई-सेक) की पूर्व लिखित अनुमति के बिना इस समूची रिपोर्ट को या इसके किसी भी हिस्से को किसी भी रूप में बदलना, प्रसारित करना, प्रतिलिपि बनाना या बाँटना, किसी अन्य व्यक्ति को या समाचार माध्यमों को देना या किसी भी स्वरूप में इसे फिर से बनाना मना है। इस रिपोर्ट में जिन कंपनियों का जिक्र है, उनमें से किसी भी कंपनी में इस रिपोर्ट के लेखक का निवेश नहीं है। इस रिपोर्ट को जारी करने की तिथि में आई-सेक के पास उपरोक्त कंपनियों के शेयरों/सौदों की एक छोटी संख्या हो सकती है। यह रिपोर्ट सार्वजनिक स्रोतों और विश्वसनीय सूत्रों से मिली सूचनाओं पर आधारित है, लेकिन इनकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की गयी है और न ही इनके शुद्ध और पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है। यह रिपोर्ट और इसमें दी गयी सूचनाएँ केवल जानकारी देने के उद्देश्य से हैं और इसे प्रतिभूतियों (सिक्योरिटी) या अन्य वित्तीय प्रपत्रों के लिए प्रस्ताव दस्तावेज या खरीदने/बेचने का अनुरोध नहीं माना जा सकता है। इस रिपोर्ट की किसी भी बात को निवेश, विधि, लेखांकन या कर संबंधी ऐसी सलाह या ऐसे वक्तव्य के रूप में नहीं लिया जा सकता कि कोई निवेश या रणनीति आपकी खास परिस्थितियों के लिए उपयुक्त या उचित है। संभव है कि इस रिपोर्ट में जिन प्रतिभूतियों की चर्चा की गयी है और जो विचार रखे गये हैं, वे हर निवेशक के लिए उपयुक्त नहीं हों और निवेशकों को खुद अपने निवेश संबंधी उद्देश्यों, वित्तीय स्थिति और अपनी खास जरूरतों के आधार पर खुद ही निवेश संबंधी अपने फैसले करने चाहिए। यह रिपोर्ट पाने वाले किसी व्यक्ति के स्वतंत्र निर्णय के विकल्प के रूप में इस रिपोर्ट को नहीं देखा जा सकता है। प्राप्तकर्ता को स्वतंत्र रूप से निवेश के जोखिम का आकलन करना चाहिए। आई-सेक या इसके सहयोगी इस रिपोर्ट के प्रयोग से होने वाले किसी भी घाटे या नुकसान के प्रति कोई देनदारी स्वीकार नहीं करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि पिछला प्रदर्शन भविष्य के प्रदर्शन को बता सके। पूर्वानुमानों की तुलना में वास्तविक नतीजे काफी अलग भी हो सकते हैं। संभव है कि आई-सेक ने कुछ अन्य रिपोर्ट भी जारी की हों, जो इस रिपोर्ट में दी गयी सूचनाओं से मेल नहीं खाती हों और जिनमें अलग नतीजे निकाले गये हों। यह रिपोर्ट ऐसे किसी व्यक्ति या इकाई को देने या उसके द्वारा उपयोग के लिए नहीं है, जो ऐसे किसी स्थान, राज्य, देश या अन्य न्याय-क्षेत्र का नागरिक या निवासी हो, जहाँ इस तरह का वितरण, प्रकाशन, उपलब्धता या प्रयोग कानून या नियमनों के विरुद्ध हो या जिसके लिए आई-सेक और इसके सहयोगियों को उस न्याय-क्षेत्र में किसी पंजीकरण या लाइसेंस की अनिवार्यता हो। कुछ न्यायक्षेत्रों में या निवेशकों के कुछ वर्गों के लिए इस रिपोर्ट में बतायी गयी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री पर रोक हो सकती है और नहीं भी। जिन व्यक्तियों को यह दस्तावेज मिलता है, उनके लिए स्वयं ही ऐसे प्रतिबंधों के बारे में जान लेना जरूरी है।